Press Clipping

The Resource Centre

Publication : Rajasthan Patrika

Date : Thursday, August 23, 2012

Edition : Bangalore

Page : 13

एचडीएफसी का वन एसिस्ट सोल्यूशंस के साथ करार

बेंगलूरु

bangaluru@patrika.com

वन एसिस्ट कंज्यूमर सोल्यूशंस ने निजी क्षेत्र के देश के बड़े बैंकों में से एक एचडीएफसी के साथ करार किया है जिसके तहत बैंक अपने ग्राहकों को कंपनी के दो अनूठे उत्पादों वॉलेट एसिस्ट और एवरीडे एसिस्ट की सेवाएं दे सकेगा। इस सेवा का लाभ उठाने वाले ग्राहक रोजमर्रा की जिंदगी में कई तरह से अपने पॉकेट की सुरक्षा कर सकेंगे। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार वन एसिस्ट सेवा हासिल करने ग्राहक बैंक का क्रेडिट/डेबिट कार्ड खो जाने पर सिर्फ एक नंबर पर कॉल करके तुरंत उसे ब्लॉक कराकर अपने धन को सुरक्षित कर सकते हैं। वहीं एवरीडे एसिस्ट सेवा हासिल करने वाले ग्राहक उपरोक्त सेवा के अलावा अपने स्मार्ट फोन को भी सुरक्षित करा सकते हैं। इसके तहत स्मार्ट फोन में स्टोर किया गया तमाम डाटा भी सुरक्षित होगा। दरअसल, इस सेवा के जरिए मोबाइल खो जाने के बाद सिर्फ एक फोन करके सिम को ब्लॉक कराने के साथ ही तमाम डाटा को डिलिट करवाया जा सकेगा। फिर नए हैंडसेट में उन तमाम डाटा को प्राप्त करने की सुविधा भी होगी। *(कासं)*